**बैंक अधिकारियों के विरुद्ध कार्यवाही**

**2497. श्री वीरेन्द्र वर्मा :**
**श्री शमीम हाशमी :**
**श्री यशवंत सिन्हा :**
**श्री अशोक नाथ वर्मा :**

क्या वित्त मंत्री 25 मार्च, 1988 को राज्य सभा में अतारांकित प्रश्न 3246 के दिए गए उत्तर को देखेंगे और यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या उनका ध्यान इस प्रश्न की ओर दिलाया गया है अथवा नहीं यदि हां, तो इस ओर उनका ध्यान कब दिलाया गया और इस सम्बन्ध में अब तक क्या कार्यवाही की गई है ; और

(ख) इस सम्बन्ध में दोषी पाए गए बैंक अधिकारियों के विरुद्ध क्या कार्यवाही की गई है, अब तक कितने अधिकारियों तथा व्यापारियों को दोषी पाया गया है और उनके नाम और पते क्या हैं ?

**वित्त मंत्रालय में आर्थिक कार्य विभाग में राज्य मंत्री (श्री एडुवर्डो फेलेरियो) :** (क) और (ख) सूचना एकत्र की जा रही है और यथा संभव सूचना सभा पटल पर रख दी जायेगी ।

**हथकरघा बुनकरों की मांगें**

**2498. श्री राम जेठमलानी :**
**श्री राम नरेश यादव :**

**क्या वस्त्र** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या यह सच है कि हथकरघा उद्योग में लगे बुनकरों ने गत महीने के दौरान सरकार से यह मांग की थी कि उन्हें दी जाने वाली राज-सहायता की राशि में वृद्धि की जाये :

(ख) यदि हां, तो इस सबंध में ब्यौरा क्या है ;

(ग) क्या यह सच है कि सरकार ने इन बुनकरों की मांगों पर विचार करने का आश्वासन दिया था ; और

(घ) यदि हां, तो इस आश्वासन को कब तक पूरा कर दिए जाने की संभावना है ?

**वस्त्र मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री रफीक आलम) :** (क) तथा (ख) केन्द्रीय सरकार जनता कपड़े के उत्पादन पर आर्थिक सहायता प्रदान करता है । सूती यार्न की कीमतों में वृद्धि हो जाने से जनता कपड़े पर आर्थिक सहायता बढ़ाने के लिए मांग की गई । यह सहायता 1-10-1984 से 2/- रु० प्रति वर्ग मीटर की दर से जा रही थी ।

(ग) तथा (घ) केन्द्रीय सरकार में उक्त मांग पर आमदनी से विचार करने के पश्चात् जनता कपड़े पर दी जा रही आर्थिक सहायता की दर बढ़ाकर 1-3-1988 से 2.75 रु० प्रति वर्ग मीटर कर दी है ।

**Purchase of Polyester fibre by NTC**

2499. SHRI GURUDAS DAS GUPTA: Will the Minister of TEXTILES be pleased to state:

(a) whether it is a fact that a subsidiary of NTC had purchased some quantity of polyester fibre from Reliance Company either directly or through an agent just before the presentation of the Union budget to the Parliament; and

(b) if so, what is the quantity and price and uses of the purchase?

THE MINISTER OF STATE IN THE MINISTRY OF TEXTILES (SHRI RAFIQUE ALAM): (a) Yes, Sir.

(b) The quantity purchased in February 1988 was about 200 MTs at a price of Rs. 67/- per kg., (excluding Octroi) for use in manufacturing blended yarn and fabrics.